

SHRI LAMA LOBZANG (POSTHUMOUS)

Reverend Lama Lobzang was a profoundly inspiring Buddhist monk and a man of remarkable character. His dedication to community welfare is a source of gratitude and appreciation for the Ladakhi people. For nearly sixty years, he embodied the teachings of Buddhism, spreading compassion and offering specialized medical care to the people of Ladakh.

2. Born on 1st January, 1931 into the Kau family in Sheynem village, Leh, Lama felt a profound spiritual calling from an early age. He embraced monkhood, embarking on his spiritual journey in the Sankar Gompa, mentored by Revered Lama Lobzang Tsonduz within the Gelugpa Buddhist Order. From 1951 to 1962, he completed his education at Sarnath and was ordained a monk after a significant journey to Tibet. Recognizing the importance of modern education, he played a crucial role in enabling many children from Ladakh to seek learning opportunities, first at Sarnath and later at the Ladakh Institute of Higher Studies, Delhi, and later renamed Vishesh Kendriya Vidyalaya. In 1961-62, he was appointed the private secretary to Reverend Kushok Bakula Rinpoche. They secured permission from the government to establish Ladakh Bodh Vihar, a distinctive colony aimed at helping the people of Ladakh. This Vihar, a centre for education and medical care, was a significant milestone in Reverend Lama Lobzang's career. Appointed as Secretary-in-charge, Lama Lobzang devoted nearly two decades to serving the Ladakhi people who came there for education and medical care.

3. From 1980 to 1983, Shri Lama Lobzang was a member of the Minorities Panel for Schedule Castes, Schedule Tribes, and Other Weaker Sections. Later, he served as a non-statutory member of the National Commission for Schedule Castes and Schedule Tribes from 1984 to 1992, followed by constitutional membership from 1995 to 2001. He was also a member of the National Commission for Schedule Tribes, Government of India, from 2004 to 2007. As a supporter, founder, and Secretary General of the International Buddhist Confederation, he was pivotal in realigning Buddhist organizations globally and participating in significant revitalization efforts. His influence extended far beyond Ladakh, profoundly impacting the global Buddhist community.

4. In the 1980s, as President of Ashoka Mission, Shri Lama Lobzang committed himself to establishing a Medicare facility. The mission offered patients and caregivers accommodations for short and long durations with treatment at AIIMS and Safdar Jung Hospitals. His vision connected the remote region of Ladakh with Delhi, creating a collaborative model of medical care accessible to all areas of Ladakh. In the 2024 medical camp organized by Ashoka Mission, 5500 patients were examined by a team of superspecialist doctors. To the people of Ladakh, he was affectionately known as 'Mey lay.' Under his stewardship, the Ashoka Mission in Delhi has become a medical missionary work hub.

5. Shri Lama Lobzang has been honoured with many awards such as the Atisha Dipankar Peace Gold Award in 2019 (Bangladesh) and an honorary doctorate from Vietnam's Buddhist University in 2013, awarded an outstanding leadership role (2014) by two organizations: Vietnam's Buddhism Today & Thailand's World Fellowship of Buddhist Youth and the National Office of Buddhism, Lifetime Achievement Award in 2015 by the All Ladakh Gompa Association, An award for his contribution to Buddhism by the Acting Supreme Patriarch of the Supreme Sangha Council Thailand in 2016, the Lifetime Achievement Award from LAHDC, UT Ladakh and the Medal of Honour from the Asian Buddhist Conference for Peace (Mongolia) in 2024, presented by the Honourable Vice-President of India.

6. Shri Lama Lobzang passed away on 16th March, 2024.



श्री लामा लोबजंग (मरणोपरांत)

श्रद्धेय लामा लोबजंग एक अत्यंत प्रेरणादायक बौद्ध भिक्षु और असाधारण चरित्र के व्यक्ति थे। सामुदायिक कल्याण के प्रति समर्पण के फलस्वरूप लद्दाख के लोग अनेक प्रति कृतज्ञ हैं और उनकी प्रशंसा करते हैं। लगभग साठ वर्षों तक, उन्होंने बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को अपनाया, करुणा का प्रसार किया और लद्दाख के लोगों तक विशेष चिकित्सा सेवा पहुंचाई।

2. 1 जनवरी, 1931 को लेह के शेयनेम गांव में काऊ परिवार में जन्मे, लामा ने बचपन से ही एक आध्यात्मिक प्रेरणा महसूस की। वह भिक्षु बन गए और गेलुग्पा बौद्ध धर्म के अंतर्गत श्रद्धेय लामा लोबजंग त्सोंडुज के मार्गदर्शन में शंकर गोम्पा में अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। 1951 से 1962 तक उन्होंने सारनाथ में अपनी शिक्षा पूरी की और तिब्बत की महत्वपूर्ण यात्रा के बाद उन्हें भिक्षु पद मिला। आधुनिक शिक्षा के महत्व को समझते हुए, उन्होंने लद्दाख के कई बच्चों को, पहले सारनाथ में और बाद में लद्दाख उच्च अध्ययन संस्थान, दिल्ली में, जिसका नाम बदलकर बाद में विशेष केन्द्रीय विद्यालय कर दिया गया, सीखने के अवसर पाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1961–62 में उन्हें श्रद्धेय कुशक बकुला रिनपोछे का निजी सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने लद्दाख के लोगों की मदद करने के उद्देश्य से एक विशिष्ट कॉलोनी लद्दाख बोध विहार स्थापित करने के लिए सरकार से अनुमति मांगी। शिक्षा और चिकित्सा सेवा के केंद्र के रूप में यह विहार, श्रद्धेय लामा लोबजंग के करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। प्रभारी सचिव के रूप में लामा लोबजंग ने शिक्षा और चिकित्सा के लिए वहां आने वाले लद्दाखी लोगों की सेवा में लगभग दो दशक समर्पित कर दिए।

3. 1980 से 1983 तक, श्री लामा लोबजंग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य कमज़ोर वर्गों के लिए अल्पसंख्यक पैनल के सदस्य थे। बाद में, उन्होंने 1984 से 1992 तक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के गैर–सांविधिक सदस्य के रूप में कार्य किया, जिसके बाद 1995 से 2001 तक वह संवैधानिक सदस्य रहे। 2004 से 2007 तक वह भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भी रहे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के समर्थक, संस्थापक और महासचिव के रूप में, विश्व स्तर पर बौद्ध संगठनों को फिर से संगठित करने और महत्वपूर्ण पुनरुद्धार प्रयासों में भागीदारी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनका प्रभाव लद्दाख से कहीं आगे तक फैला हुआ था, जिसने वैश्विक बौद्ध समुदाय को अत्यधिक रूप से प्रभावित किया।

4. 1980 के दशक में, अशोक मिशन के अध्यक्ष के रूप में, श्री लामा लोबजंग ने एक चिकित्सा सेवा सुविधा स्थापित करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। यह मिशन रोगियों और उनके परिचारकों को एम्स और सफ़दरजंग अस्पतालों में उपचार के साथ–साथ छोटी और लंबी अवधि के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध कराता था। उनके विजन ने लद्दाख के सुदूर क्षेत्र को दिल्ली से जोड़ते हुए चिकित्सा सेवा का एक सहयोगपूर्ण मॉडल तैयार किया जो लद्दाख के सभी क्षेत्रों के लिए सुलभ था। अशोक मिशन द्वारा आयोजित 2024 के चिकित्सा शिविर में, सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों की एक टीम ने 5500 रोगियों की जांच की। लद्दाख के लोग उन्हें प्यार से ' मे लाय' के नाम से जानते थे। उनके नेतृत्व में, दिल्ली में अशोक मिशन एक चिकित्सा मिशनरी कार्य केंद्र बन गया है।

5. श्री लामा लोबजंग को कई पुरस्कार मिल चुके हैं जैसे 2019 में अतीशा दीपांकर शांति स्वर्ण पुरस्कार (बांग्लादेश) और 2013 में वियतनाम के बौद्ध विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट की उपाधि, 2014 में दो संगठनों : वियतनाम के बुद्धिज्म टुडे और थाईलैंड के वर्ल्ड फेलोशिप ऑफ बुद्धिस्ट यूथ एंड द नेशनल ऑफस ऑफ बुद्धिज्म, द्वारा उत्कृष्ट नेतृत्व की भूमिका दी गई, 2015 में ऑल लद्दाख गोम्पा एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2016 में सुप्रीम संघ काउंसिल, थाईलैंड के कार्यवाहक प्रमुख द्वारा बौद्ध धर्म में उनके योगदान के लिए पुरस्कार, एलएएचडीसी, यूटी लद्दाख द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और 2024 में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया एशियाई बौद्ध शांति सम्मेलन (मंगोलिया) का मेडल ऑफ ऑनर।

6. श्री लामा लोबजंग का 16 मार्च 2024 को निधन हो गया ।